

# सफेद वर्दी पुलिस केवल चालान तक सीमित, यातायात व्यवस्था बेलगाम

## यातायात चौकी के नाक के नीचे ही हर 10 मिनिट में लगता है जाम, नई सड़क पर स्थिति सबसे खराब

**शाजापुर, 27 दिसंबर. शाजापुर की बिगडैल यातायात व्यवस्था शायद ही कभी सुधरे. पहले भी यातायात व्यवस्था बिगड़ी थी लेकिन वर्तमान में यातायात व्यवस्था अपने सबसे बदतर स्थिति में है. विभाग के पास तीन सूबेदार, आधा दर्जन यातायात पुलिसकर्मी, बस स्टैंड के लिए अलग पुलिसकर्मी, इसके बावजूद भी बस स्टैंड से ट्राफिक पाइंट तक यातायात व्यवस्था भगवान भरोसे. शहर के भीतर की हालत तो और भी खराब है.**

गौरतलब है कि शाजापुर यातायात व्यवस्था अपनी सबसे बिगड़ैल सीमा पर पहुंच चुकी है. पाइंटो पर ना तो आपको यातायात पुलिसकर्मी नजर आएंगे और ना ही शहर के भीतर नजर आएंगे.कहने को शहर का यातायात संभालने के लिए तीन सूबेदार हैं और एक यातायात प्रभारी तथा आधा दर्जन यातायात पुलिसकर्मी. इसके बाद भी ना तो बसों की रफ्तार पर काबू है और ना ही स्कूल की बसों पर कोई लगाम है. बस स्टैंड परिसर में यातायात को संभालने के लिए एक पुलिसकर्मी भी मौजूद है, लेकिन उसके बावजूद भी बस स्टैंड परिसर में खुले आम ऑटो रिक्शा, बाइक व कार का बीच सड़क पर खड़े होना आम बात है, कोई सुनने वाला नहीं है. यातायात पुलिस का खौफ पूरी तरह वाहन चालकों से खत्म हो चुका है, यही वजह है कि जिसकी जहां मर्जी होती है वह वहां वाहन खड़ा कर देता है. शहर के भीतर तो हालत यह है कि रेंग रेंग कर वाहन चलते हैं, कोई भी यातायात पुलिसकर्मी आपको शहर में नजर नहीं आएगा.




### बस स्टैंड, नई सड़क, महूपुरा, एबी रोड़ पर नजर नहीं आती यातायात पुलिस

चालान बनाने में व्यस्त यातायात पुलिस का आलम यह है कि ना तो बस स्टैंड पर जवान नजर आता है और ना ही नईसड़क, महूपुरा या अन्य जगह . एबीरोड पर कई कार्यालयों के बाहर जाम की स्थिति निर्मित होती है, दुकानों के बाहर बेतरतीब तरीके से पार्क किए गए वाहनों के कारण शहर में जाम की स्थिति बन जाती है . वाटर वर्कस के सामने जो निजी बैंक है उसके बाहर बाइकों का बेतरतीब तरीके से पार्क होना, बस स्टैंड की होटलों के सामने बीच सड़क पर वाहन का खड़ा होना और बस स्टैंड से ट्राफिक पाइंट तक रेंगती बसों के कारण रोज जाम की स्थिति बनती है, लेकिन ना तो कोई देखने वाला है और ना ही कोई सुनने वाला है . व्यवस्था और लोगों की जान भगवान के भरोसे है . नई सड़क पर जिस जवान की ड्यूटी लगाई जाती है वहां जवान ट्रफिक कंट्रोल करने में कम और वहां पर नश्ता-पानी करने में ज्यादा विश्वास रखते है . कभी वे जवान गोकूल डेयरी की बैंच पर जमे दिखते तो कभी कार्नर वाली दुकान पर गप्पेबाजी करते दिखाई देते है .

### ट्राफिक पाईंट पर नजर नहीं आते यातायातकर्मी

लाइट सिग्रल लग गए लेकिन इन सिग्रलों को ना तो वाहन चालक पालन करते हैं और ना ही यातायातकर्मियों को इन सिग्रलों पर नियम तोड़ने वाले नजर आते हैं . हर बार जिला यातायात बैठक में निर्देश दिए जाते हैं लेकिन यह निर्देश कागजों से बाहर हीं नहीं आ पा रहे हैं . महीने में होने वाली बैठक में यातायात को सुगम बनाने के तमाम सख्त निर्देश जारी होते हैं लेकिन यह सख्त निर्देश भी कागजों तक सीमित हो गए हैं .





### चालान बनाने तक सीमित यातायात पुलिस ...

राजनीतिक दबाव के चलते रसूखदारों को छोड़ने वाली यातायात पुलिस केवल ग्रामीण क्षेत्रों के वाहनों के चालान बनाने के लिए टुकराना जोड पर नजर आती है . चालान बनाकर सरकार का खजाना तो भरा जा रहा है लेकिन जनता को हो रही असुविधा को लेकर जरा भी ध्यान नहीं है .यातायात पुलिस के जितने सूबेदार हैं वह चालान बनाने के बाद गायब हो जाते हैं . हालांकि चालान में वे राजनीतिक पापाओं के दबाव में रसूखदारों को छोड़ने में भी देर नहीं करते हैं .

## एक नजर में

### मक्सी में गुरुसप्तमी महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**मक्सी, 27 दिसंबर .** शनिवार को मक्सी जैन तीर्थ में गुरुसप्तमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया . मक्सी में विराजित श्रीमद विजय राजेन्द्र सुरीश्वर जी मसा के जन्मदिवस एवं स्वर्गारोहण दिवस पौष सुदी सप्तमी को गुरुभक्तो द्वारा महोत्सव के रूप में मनाया जाता है . पूरे भारत में एकमात्र मक्सी जैन तीर्थ में 21 साल के गुरुसप्तमी का लाभ लेने वाले लाभार्थी निश्चित है, इस वर्ष का लाभ दिनेश कुमार निलेश कुमार चंद्रावत परिवार भरड़ वाले ने लिया . मंदिर को आकर्षित विद्युत सज्जा एवं पुष्प मालाओं से सजाया गया . प्रात : वरघोड़ा निकला जो गुरुमंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ गुरुमंदिर पहुंचा .वरघोड़ा जुलूस में लाभार्थी का जगह जगह समाजजनों एवं सामाजिक संस्थाओं ने स्वागत किया . सभी कार्यक्रम में जैन श्री संघ अध्यक्ष नंदकिशोर गादिया, नरेन्द्र वेदमूथा, सुभाष जैन, नरेंद्र जैन, दीपक सालेचा, श्रीपाल वेद कटारिया, सुरेंद्र जैन, डॉ अश्विन ओसवाल, शांतिलाल कोठारी, भूपेंद्र जैन, विमल कासवा, विमल कुमार कासवा, चित्रांश वेदमूथा, सतीश धारीवाल, पप्पू जैन, रजनीश मंडावत् भानेज एवं महिलाओं सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे . मंदिर में गुरुसप्तमी महोत्सव समिति एवं राजेंद्र सुरी गुरु ज्ञान मंदिर ट्रस्ट एवं जैन श्री संघ मक्षी जी द्वारा लाभार्थी का बहुमान किया गया .दोपहर में स्वामीवत्सय के बाद महापूजन संपन्न हुई, रात को भक्ति आरती एवं लक्की ड्रॉ हुए .

### डॉक्यूमेंट्री फिल्म एवं व्याख्यान का हुआ आयोजन



**शुजालपुर, 27 दिसंबर .** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय गणित दिवस के दूसरे दिन महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को श्रीनिवास रामानुजन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई एवं डॉ. सुनील कुमार मित्तल द्वारा गणित में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान दिया गया, डॉ . मुकेश सिंह मेवाडा ने एलाइड विषय और मैथ्स की भूमिका पर छात्रों को संबोधित किया . छात्रा दिव्यांशी परिहार ने रामानुजन की जीवन परिचय पर अपने विचार प्रस्तुत किए . छात्रा सेजल उपलवदिया ने श्रीनिवास रामानुजन की पारिवारिक पृष्ठभूमि एवं गणित को हल करने की विधि पर अपने विचार प्रस्तुत किए . कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र लववंशी एवं आभार जयेश मालवीय ने माना .

### सीएम राइज में वीर बाल दिवस पर मेला आयोजित



**शुजालपुर, 27 दिसंबर .** मां शारदा सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर में शनिवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन किया . जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश मंत्री बबीता परमार, एसडीएम राजकुमार हलदर, एसडीओपी निमेष देशमुख, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक नायक, भाजपा जिला महामंत्री विजयसिंह बैस, अभिभाषक संघ अध्यक्ष कैलाश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे . विद्यालय परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में सिख समाज के साहिबजादों की शहादत को बताया गया . साथ ही धर्म और संस्कृति के लिए दिए गए बलिदान का उल्लेख किया गया . इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति दी . साथ ही विद्यालय परिसर में मेला भी आयोजित हुआ, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की स्टॉल लगाई . प्राचार्य डॉ . रजनीश त्रिवेदी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया .

### कांग्रेस आज मनाएगी स्थापना दिवस

**शुजालपुर, 27 दिसंबर .** ब्लॉक कांग्रेस द्वारा कांग्रेस का स्थापना दिवस रविवार को मनाया जाएगा . कार्यक्रम का आयोजन पंडित लीलाधर जोशी समाधि स्थल तपोवन पर प्रात : 11 बजे आयोजित होगा . जिला कांग्रेस प्रवक्ता हसन रजा कुरेशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 दिसंबर 1885 को बॉम्बे के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई थी, जिसमें 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था . कांग्रेस की स्थापना एओ ह्यूम ने की थी . उन्होंने महासचिव का पदभार ग्रहण किया था और कलकत्ता के व्योमेश चंद्र बनर्जी अध्यक्ष चुने गए थे, तब से लेकर आज तक कांग्रेस प्रतिवर्ष स्थापना दिवस मनाती आ रही है . इसी के संदर्भ में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड ने रविवार को प्रात : 11 बजे तपोवन पर कांग्रेस के समस्त नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से स्थापना दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है .

# पीली बत्ती के इंतजार में सफेद वर्दी

पुलिस डायरी
मनोज पुरोहित

पुलिस में दो वर्दी है खाकी और सफेद. खाकी को कानून व्यवस्था का तनाव रहता है तो सफेद वर्दी को पीली बत्ती होने का इंतजार रहता है. पीली बत्ती यानि जैसे ही रात की 8 बजती है और सिग्नल पीले होते हैं सफेद वर्दी बेफिक्र होकर घर की और प्रस्थान कर जाती है. हालांकि दिन में भी सफेद वर्दी खास मौको पर ही नजर आती है. थानों की पुलिस सुबह से लेकर रात तक और रात से लेकर दिन तक तैनात रहती है लेकिन इस मामले में सफेद वर्दी वाले किस्मत के धनी हैं कि उन्हें आफिस टाईम जैसा समय नसीब हुआ. ब्रेकफास्ट के बाद वे बाजार में नजर आते हैं थोड़ी तफरी करकर लंच लेने के लिए घर पहुंच जाते हैं और शाम को टी टाईम के बाद अपनी झलक दिखाते हैं और जैसे ही सिग्नल की पीली बत्ती हुई सब अपने अपने आशियाने में पहुंच जाते हैं. हालांकि सफेद वर्दी दिन में ही नजर नहीं आती है तो उनसे रात की उम्मीद करना बेमानी होगी. कहने को यातायात समिति है जिसकी हर माह बैठक होती है, बैठक में निर्देश जारी होते हैं. लेकिन यह निर्देश बैठक के कागजों से बाहर ही नहीं आते हैं. यही कारण है कि शाजापुर शहर की बिगडैल यातायात व्यवस्था पर शोध ग्रंथ तैयार हो सकता है. शहर की व्यवस्था को सुधारने के लिए कुछ हद तक इच्छा यातायात पुलिसकर्मियों की नहीं है और कुछ हद तक वह राजनीतिक पापाओं के दबाव में काम नहीं कर पाते हैं. यदि खुलकर यातायात पुलिसकर्मी काम करें तो वे खादीधारी पापाओं के एक फोन पर कुरकुर करते नजर आते हैं.

**जितना पुलिस एक माह में कमाती, उतना पटवारी की रोज की कमाई**

भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है. जितना थानों पर पुलिस एक माह में कमाती है उतनी कमाई तो पटवारी एक डायवर्सन व बटवारे में ही कर लेते हैं. चूंकि पुलिस का भ्रष्टाचार नजर आता है लेकिन राजस्व का भ्रष्टाचार नजर नहीं आता. पुलिस केवल जुएं सट्टे पर आश्रित है तो पटवारी को आश्रय के लिए नामांतरण, बटवारा, डायवर्सन, सीमांकन, फर्द रिपोर्ट सहित विभिन्न काम है.

**संभाग के सेठजी लगाते हैं सीधे फोन**

पुलिस में संभाग के एक सेठ जी हैं जो निसंकोच किसी भी थाने पर फोन लगाकर बंदी के बारे में सीधी बात करते हैं, यह पहला मौका होगा जब संभाग का सेठ थाने थाने फोन लगवाकर हाजरी लगवाता है. यहां तक की सेठ जी इतने सहज व सरल है कि वे थाने के अलावा चौकियों को भी नहीं छोड़ रहे हैं. यूं तो सेठ जी किसी को ज्यादा परेशान नहीं करते हैं जो सेठ जी के पेट का ध्यान रखता है वह उसका ध्यान रखते हैं, और जो सेठजी के पेट का ध्यान नहीं रखता है वह उसका हाजमा बिगाड़ देते हैं जांच के नाम पर.

**अंत में ...**

भीमसिंह की मुराद हुई पूरी और बडोदिया के गल्ले पर हुए काबिज...

# प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की

## स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत निकाली गई रैली

**शुजालपुर, 27 दिसंबर. नगर पालिका परिषद शुजालपुर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान को लेकर रैली का आयोजन किया. शनिवार की दोपहर को यह रैली मंडी बस स्टैंड से प्रारंभ हुई, जिसमें एक सफाई कर्मी सिंगल यूज पॉलिथीन से बनी पोषाक पहने हुए शामिल हुआ जो कि रैली में आकर्षक का केन्द्र रहा.**

इस रैली में बड़ी संख्या में नगर पालिका कर्मचारी अपनी युनिफार्म में शामिल हुए तो नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनीप्रसाद परमार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, सीएमओं ओमप्रकाश शर्मा, नोडल अधिकारी दीपक अटारिया, स्वच्छता निरीक्षक प्रहलाद मालवीय, दरोगा संतोष, स्वच्छता सभापति दीप्ति कपिल व्यास, अभिषेक सक्सेना, पार्षद मुकेश जाट, कमल, इम्तियाज खां, दीपक परमार, सीमित चौधरी, कमलेश, सुमित, अविनाश मोर्टे, सतीश सहित अन्य मौजूद रहे. यह रैली शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई, अभियान के दौरान नागरिकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया. इस रैली के दौरान प्लास्टिक छोड़ो पर्यावरण से नाता जोड़ो, आइए हम सभी मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए के नारे लगाए गए. स्वच्छता निरीक्षक प्रहलाद मालवीय ने बताया कि अभियान का उद्देश्य नगर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाना, नागरिकों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी का संदेश देना व बच्चों एवं युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना रहा. साथ ही कहा कि इस अभियान के चलते आगे सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाएगी.



शहर में निकाली गई जागरूकता रैली

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना वर्ष 2025-26 का लक्ष्य पूर्ण

**शाजापुर, 27 दिसंबर.** महाप्रबंधक उद्योग नवीन शुक्ला ने बताया कि जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र शाजापुर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य 112 ईकाई का प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 116 ईकाई में 709,45 लाख रुपए स्वीकृत हुए एवं 112 ईकाई में 669,45 लाख रुपए का वितरण हुआ. इस प्रकार वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व ही शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति की जा चुकी है.

### वर्षा पर जमकर हुई पुष्प वर्षा



**शुजालपुर, 27 दिसंबर.** शहर के शीतला नगर निवासी अनोखीलाल शर्मा की पुत्री वर्षा शर्मा ने चयन एवं प्रशिक्षण के माध्यम से नगर का गौरव बढ़ाया है. वर्षा पिछले एक वर्ष से सीआईएसएफ के तमिलनाडु स्थित प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थी. प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत जब वर्षा शर्मा पुन: अपने गृह नगर शुजालपुर पहुंचीं तो परिवारजनों एवं नगरवासियों द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया. इसके साथ ही जेल प्रशासन एवं सिटी थाना परिसर में भी वर्षा शर्मा का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया. इस अवसर पर डॉ. रघुनंदन शर्मा, विशाल शर्मा, श्याम परमार, सिटी थाना से भारती डाबर, रामबाबू सिसोदिया तथा जेल विभाग से शिवपाल सिंह एवं सूरज उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे.

### जिले की 351 ग्रापं में विशेष ग्राम सभा का आयोजन

**शाजापुर, 27 दिसंबर.** विकसित भारत जीरामजी अधिनियम के संबंध में आज जिले की 351 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया. जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम सभा के नोडल अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विशेष ग्राम सभा संपन्न हुई.

# पंचायत उप निर्वाचन शस्त्र लाइसेंस निलंबित

**सोयतकलां 27 दिसंबर. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित त्रि स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 सुसनेर में सदस्य पद के लिए मतदान होना है. अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी आरपी वर्मा ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न करवाने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त अधिकारों के तहत संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारीयों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किए हैं.**

संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के लाइसेंसधारीयों को अपने शस्त्र तत्काल संबंधित थाने में जमा करवाने होंगे. जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति धारदार हथियार, आग्नेय शस्त्र अपने साथ लेकर नहीं चलेगा. संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में राजनीतिक दलों अथवा अन्य समुदाय द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के पूर्व रैली, आमसभा, धरना, जुलूस प्रदर्शन आदि का आयोजन नहीं किया जाएगा. अनुविभागीय दंडाधिकारी से निर्धारित स्थान तथा निर्धारित समय अवधि की अनुमति प्राप्त होने पर ही यह कार्यवाही की जाएगी.

### प्रतिबंधत्मक आदेश इन पर नही होगा लागू

त्रिस्तरीय पंचायत को निर्वाचन हेतु डयूटी पर तैनात समस्त कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, पुलिस, विशेष पुलिस अधिकारी, सीआईएसएफ बीएसएफ या सुरक्षा बल और राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा औद्योगिक संस्थानों में तैनात सुरक्षा बल को आदेश में छूट प्रदान की गई है .

एक नजर में — **जिले में जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार लगाने की प्रशासन द्वारा की जा रही पहल**

# अब एक छत के नीचे मिल सकेंगे जैविक अनाज, दाल, सब्जी, फल व मसाले



**शाजापुर, 27 दिसंबर. जिले के जैविक उत्पादक किसानों को अपनी उपज विक्रय करने के लिए एक प्लेटफार्म मिल सके, इसके लिए प्रशासन द्वारा जैविक हाट बाजार प्रारंभ करने की पहल की जा रही है, इस हाट बाजार में गुणवत्ता युक्त जैविक उत्पादों को क्षेत्रवासी खरीद सकेंगे. हाट बाजार में एक ही जगह जैविक अनाज, दाल, सब्जी, फल व मसाले आम लोगों को मिल सकेंगे.**

शाजापुर जिले में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कृषि एवं संबधित विभागों के माध्यम से जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है. जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादन करने वाले कृषको को अपने उत्पादों के विक्रय के लिए तथा जन सामान्य को शुद्ध सुरक्षित एवं रसायन मुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार से यह पहल होने जा रही है

**जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना उददेश्य**

जिससे कृषको को उचित मूल्य प्राप्त होगा तथा उपभोक्ताओं को सीधे कृषकों से गुणवत्तापूर्ण एवं शुद्ध उत्पाद उपलब्ध हो सकेंगे. जिला प्रशासन की यह पहल जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना एवं आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है तथा स्थानीय स्तर पर कृषको को प्रोत्साहित करना है. उपसंचालक कृषि आरएल जामरे ने जिले के आम नागरिको से भी अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में जैविक हाट बाजार में पहुंचकर जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों को क्रय कर उपयोग करें तथा इस अभिनव पहल को सफल बनाएं.

### शहर के मांगलिक भवन परिसर में लगेगा बाजार

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक पुरानी नगर पालिका कार्यालय मांगलिक भवन परिसर शाजापुर में जैविक हाट बाजार के रूप में एक स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है . इस जैविक हाट बाजार में जिले के जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषक अपने उपज जैसे अनाज, दाले, सब्जियां, फल, मसाले एवं अन्य उत्पादों का विक्रय कर सकेंगे .

### प्रोत्साहन नहीं मिलने से बंद हुआ था जैविक हाट बाजार

उल्लेखनीय है कि कुछ सालों पहले भी प्रशासन द्वारा जैविक हाट बाजार लगाने की पहल की गई थी . शहर के टंकी चौराहा स्थित पुरानी अनाज मंडी में दुकानें लगवाई गई थी, जैविक हाट बाजार को लेकर लोगों में खासा उत्साह भी था, लेकिन जिम्मेदारों का ध्यान नहीं देने के कारण जैविक हाट बाजार लगना धीरे धीरे बंद हो गया था, इसके बाद लोग भी मायूस थे, लेकिन अब एक बार फिर प्रशासन द्वारा यह कवायद शुरू की जा रही है, जिसको लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है .